हरिभूमि
रायगढ़-जशपुर भूमि
बिलासपुर, बुधवार 11 फरवरी 2026



तापमान

अधिकतम .30 डिग्री
न्यूनतम 16.0 डिग्री

4
खाद और आवारा मवेशियों की समस्या को लेकर किसान संघ ने किया प्रदर्शन



## खबर संक्षेप

### प्रतिभा खोज के तहत खेलवृत्ति के लिए आवेदन

**रायगढ़।** छत्तीसगढ़ क्रीड़ा प्रोत्साहन अंतर्गत प्रतिभा खोज के तहत खिलाड़ियों को खेलवृत्ति प्रदाय की जाएगी। योजना का उद्देश्य ओलंपिक, कामनवेल्थ, एशियाड और नेशनल गेम्स में राष्ट्रीय स्तर पर पदक जीतने वाले प्रतिभाशाली खिलाड़ियों को प्रोत्साहित करना है। जिसके लिए जिला कार्यालय एवं संचालनालय में राज्य खेल संघों से प्रमाणिकरण संबंधित सहित आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि 16 फरवरी तक निर्धारित की गई हैं। खिलाड़ी अपना आवेदन संचालनालय अथवा खेल एवं युवा कल्याण विभागए रायगढ़ में कार्यालयीन दिवस एवं समय पर उपस्थित होकर जमा कर सकते है। इस संबंध में अन्य विस्तृत जानकारी के लिए कार्यालय में संपर्क कर सकते है। आवेदन पत्रों का प्रारूप मय सूचना विभाग की वेबसाईट पर उपलब्ध है। डिप्टी कलेक्टर एवं प्रभारी सहायक संचालक खेल एवं युवा कल्याण ने जानकारी देते हुए बताया कि प्रत्येक वित्तीय वर्ष में प्रतिभा खोज कार्यक्रम के तहत खेल प्रतियोगिताओं में पदक प्राप्त करने वाले खिलाड़ियों को खेलवृत्ति दी जाएगी। प्रदेश के प्रतिभाशाली खिलाड़ियों को ओलंपिक, कामनवेल्थ, एशियाड एवं नेशनल गेम्स में शामिल खेलों के राष्ट्रीय खेल राष्ट्रीय चैम्पियनशिप के सीनियर, जूनियर एवं सब जूनियर वर्ग में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले खिलाड़ियों को सीनियर वर्ग हेतु क्रमशः 75 हजार, 50 हजार, 40 हजार, जूनियर वर्ग हेतु क्रमशः 60 हजार, 40 हजार, 30 हजार एवं सब जूनियर वर्ग हेतु क्रमशः 50 हजार, 25 हजार, 20 हजार की खेलवृत्ति प्रदाय की जाएगी। एकल व दलीय खेलों में वास्तविक रूप से उक्त प्रतियोगिता में खेले हुए खिलाड़ी पात्र होंगे जिसका प्रमाण संबंधित खेल संघ पदाधिकारियों के माध्यम से प्रस्तुत करना होगा। स्वीकृति हेतु संचालक खेल एवं युवा कल्याण सक्षम अधिकारी होंगे।

### कलेक्टर ने रामभांठा के पीडीएस दुकान का किया निरीक्षण

**रायगढ़।** जिले में सार्वजनिक वितरण प्रणाली पीडीएस की पारदर्शिता और सुचारु संचालन सुनिश्चित करने के लिए कलेक्टर मयंक चतुर्वेदी ने शासकीय उचित मूल्य दुकानए रामभांठा का औचक निरीक्षण किया। इस अवसर पर जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी अभिजीत बबन पठारे भी उपस्थित रहे। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने दुकान में उपलब्ध व्यवस्थाओं का बारीकी से अवलोकन किया और मौके पर मौजूद हितग्राहियों से सीधे संवाद कर राशन वितरण की वास्तविक स्थिति की जानकारी ली। उन्होंने विशेष रूप से फिंगरप्रिंट सत्यापन और ई.पॉस मशीन में किसी भी तकनीकी समस्या की जांच की और इसका त्वरित समाधान सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने हितग्राहियों को दिए जा रहे राशन की मात्राए भंडारणए साफ.सफाईए अभिलेख संधारण और ई.पॉस मशीन की स्थिति का भी जायजा लिया। उन्होंने निर्देश दिए कि किसी भी स्थिति में पात्र हितग्राही राशन से वंचित न रहें और मशीन या नेटवर्क से संबंधित किसी भी समस्या का तत्काल निराकरण किया जाए।

### बोर्ड परीक्षा के लिए जिला स्तरीय हेल्प डेस्क स्थापित

**जांजगीर-चांपा।** छग माध्यमिक शिक्षा मण्डल द्वारा आयोजित हाई स्कूल एवं हायर सेकेण्डरी स्कूल मुख्य परीक्षा वर्ष का आयोजन 20 फरवरी से 18 मार्च तक प्रतिदिन प्रातः 9 बजे से दोपहर 12.15 बजे तक किया जाएगा। जिला प्रशासन द्वारा कलेक्टर के कक्ष क्रमांक 10 एवं 12 में जिला स्तरीय हेल्प डेस्क की स्थापना की गई है। यह हेल्प डेस्क परीक्षार्थियों को परीक्षा से संबंधित सभी जानकारी मिल पाएगी।

### विभाग के पास चावल भी नहीं, सातों ब्लॉक के साथ नगरीय निकायों में मनाया गया चावल उत्सव

# इधर गली-गली चावल उत्सव, उधर 185 राशन दुकानों में अभी तक भंडारण ही नहीं

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

जिले में गजब सिस्टम चल रहा है। एक तरफ तो गांव और शहर के गली-गली में चावल उत्सव मनाया जा रहा है तो दूसरी ओर जिले के करीब 185 राशन दुकान ऐसे हैं जहां अभी चावल का भंडारण तक नहीं हो सका है। चावल भंडारण नहीं होने की वजह नागरिक आपूर्ति निगम के गोदामों में भी चावल नहीं होने को माना जा रहा है। याने विभाग का गोदाम भी खाली है। जानकारी के मुताबिक करीब 71 फीसदी राशन दुकानों में चावल का भंडारण हुआ है। 29 प्रतिशत अभी बाकी है। हालांकि एक-दो दिन में पूरे राशन दुकानों में चावल का भंडारण होने का दावा अधिकारियों द्वारा किया जा रहा है। चावल भंडारण में सबसे ज्यादा दिक्कत आदिवासी ब्लॉकों में है।

जिले में 665 राशन दुकान संचालित है। इसमें 480 दुकानों में चावल का भंडारण हो चुका है। बाकी 185 में नहीं हो पाया है।



**सीजीएफएसए के हितग्राहियों को दो, एनएफएसए के हितग्राहियों को एक महीने का मिलेगा चावल**

जानकारी मिली है कि सीजीएफएसए के हितग्राहियों को दो महीने और एनएफएसए के हितग्राहियों को एक महीने का चावल मिलेगा। कारण एनएफएसए के लिए केवल एक महीने का ही अनुमति मिली है। दूसरी ओर एफआरके चावल की समस्या भी बनी हुई है। अभी तक की स्थिति में 80 एमटी एफआरके चावल की सप्लाई हुई है। इसे किसी तरह से काम चलाने की बात सामने आ रही है। अभी सामान्य चावल का भंडारण ज्यादा किया गया है। कुछ चावल एफआरके भी भेजी गई है। पुसौर के 90 में से 82 दुकानों में भंडारण हुआ है। लैलूंगा में 85 में 45 दुकानों में भंडारण हुआ है। 185 में सबसे ज्यादा राशन दुकान आदिवासी ब्लॉकों में है, जहां भडारण नहीं हो सका है।

#### नए चावल की हो रही आपूर्ति

अभी जो चावल दुकानों में भंडारण हुआ है वह नया चावल है, याने 2025-26 में खरीदी गई धान का चावल है। बीते सीजन का चावल कई मिलरों ने जमा ही नहीं किया, लेकिन उनके खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं हुई। अब धान उठाव कर रहे हैं और मिलिंग करने के बाद चावल जमा कर रहे हैं। पीडीएस में पूरा चावल एफआरके ही देना है, लेकिन इसकी आपूर्ति नहीं होने के कारण सामान्य चावल वितरण करने का निर्देश है। कुछ मात्रा में एफआरके दे रहे हैं। जिले में तीन फर्मों को एफआरके चावल सप्लाई का ठेका मिला है, लेकिन उनके द्वारा अभी तक कुछ ही मात्रा में सप्लाई की गई है।

#### जिले में ऐसे हैं राशन कार्ड और हिताग्रही

जिले में अन्त्योदय कार्डों की संख्या 66 हजार 117 है इस कार्ड में सदस्यों की संख्या 1 लाख 67 हजार 626 है। इसी तरह 1406 निराश्रित कार्ड और उसमें 1406 ही सदस्य हैं। प्राथमिकता कार्ड की संख्या 2 लाख 26 हजार 75 और इसमें सदस्यों की संख्या 7 लाख 64 हजार 402 है। निशक्त कार्ड 362 और इसमें सदस्य 370 हैं। इसी तरह एपीएल कार्ड 44 हजार 74 है और सदस्य 1 लाख 30 हजार 818 है। कुल राशन कार्डों की संख्या 3 लाख 38 हजार 34 है और इतने कार्डों में 10 लाख 64 हजार 622 सदस्य संख्या है।

### कलेक्टर ने दवा सेवन कर किया एमडी अभियान का शुभारंभ

**रायगढ़।** राष्ट्रीय फाइलेरिया उन्मूलन कार्यक्रम के तहत कलेक्टर मयंक चतुर्वेदी ने शासकीय हाईस्कूल रामभांठा में आयोजित जिला स्तरीय कार्यक्रम में स्वयं फाइलेरिया रोधी दवा का सेवन कर अभियान का शुभारंभ किया और नागरिकों से सहभागिता की अपील की। मौके पर जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी अभिजीत बबन पठारे ने भी दवा का सेवन किया। कलेक्टर ने कहा कि फाइलेरिया से बचाव के उपाय अत्यंत सरल और प्रभावी हैं। उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य विभाग द्वारा दी जा रही मानक खुराक का नियमित सेवन करने से इस बीमारी से आजीवन बचाव संभव है। उन्होंने आमजन को आश्वस्त किया कि दवाइयां पूरी तरह सुरक्षित हैंए अतः किसी भी प्रकार के संकोच या अफवाह में न आएं। उन्होंने बताया कि अभियान के प्रथम चरण में शासकीय संस्थानों और शैक्षणिक परिसरों में दवा सेवन कराया जाएगाए जिसके बाद स्वास्थ्यकर्मी घर-घर जाकर अपनी निगरानी में दवा खिलाएंगे।

## थ्री स्टार होटल की 7वीं मंजिल में मसाज की आड़ में देह व्यापार

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

शहर के एक आलिशान होटल में बीते एक साल से देह व्यापार का काले कारोबार चल रहा था। इस होटल को थ्री स्टार का दर्जा है, लेकिन इसके काम कोयले की तरह काले हैं। सोमवार की रात वहां से चार लड़कियों के साथ एक लड़के को पुलिस ने पकड़ा है।

यहां देह व्यापार का खेल चलता था। ट्रिनिटी होटल की सातवीं मंजिल में संचालित 'सनराइज स्पा एंड सैलून में अवैध देह व्यापार संचालित होने की सूचना पुलिस को मिली थी। कोतवाली पुलिस एवं साइबर सेल की संयुक्त टीम गठित कर शाम करीब साढ़े 7 बजे रेड मारी गई। इसके पहले एक पाइंटर को ग्राहक बनाकर स्पा सेंटर भेजा गया। पाइंटर से संकेत मिलते ही पुलिस टीम होटल में दबिश दी। छापेमारी



के दौरान होटल के तीन अलग-अलग कमरों में तीन महिलाएं मिलीं। महिला पुलिसकर्मियों द्वारा कमरों की तलाशी ली गई, जहां आपत्तिजनक सामग्री बरामद हुई। पूछताछ में स्पा सेंटर संचालक 'विनयकांत बरट ने स्वीकार किया कि ग्राहकों को आकर्षित करने एवं अवैध कमाई के उद्देश्य से लड़कियां उपलब्ध कराई जाती थीं। पुलिस द्वारा होटल मैनेजर देवेन्द्र सिंह को भी हिरासत में लेकर थाना लाया गया। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से मोबाइल, नगदी पुलिस पाइंटर द्वारा दिया हुआ, स्पा सेंटर से संबंधित दस्तावेज, ग्राहकों का रजिस्टर एवं किरायानामा वर्ष 2024 से जब्त किया गया है। आरोपियों के विरुद्ध थाना कोतवाली में धारा 3, 4, 5, 7 अनैतिक देह व्यापार पीटा अधिनियम के तहत अपराध पंजीबद्ध कर वैधानिक कार्रवाई की गई है।

## पति-पत्नी के विवाद ने छीन ली मासूम की जिंदगी, पिता ने ही कुएं में डूबाकर की हत्या

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

समाज में दिनों दिन बढ़ते जा रहा पारिवारिक विवाद और मानसिक तनाव ने लोगों को अपनों से अपनों को ही जुदा करने का कारण बनते जा रहा है। यह तनाव केवल विवाद तक ही सीमित नहीं रहा है बल्कि एक दूसरे के जान के दुश्मन भी बन रहे हैं। इसी तनाव के एक ताजा उदाहरण ने पूरे समाज को झकझोर कर रख दिया है। लैलूंगा के जामढोंढी गांव में एक पिता ने अपने ही 6 साल के बच्चे को कुंए की पानी में डूबाकर हत्या कर दिया। यह न केवल मानसिक विशाद ही नहीं बल्कि समाज के लिए गंभीर चिंता का विषय भी है। यह लैलूंगा थाना क्षेत्र के वार्ड क्रमांक 15, ग्राम जामढोंढी भदरापारा में एक हदयविदारक घटना है, जहां एक पिता ने अपने ही 6 वर्षीय पुत्र की



**पति-पत्नी रहते थे अलग, पिता अपने दो बच्चों के साथ रहता था**

कुएं में डुबोकर हत्या कर दी। लैलूंगा पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। घटना के संबंध में आरोपी के भाई मनोज महेश्वरी 28 ने बताया कि वे तीन भाई हैं बड़ा विजय, मंझला विनोद और वह स्वयं। विजय अपने परिवार के साथ निर्माणाधीन मकान में रहता है, जबकि विनोद अपने दो पुत्रों उम्र 8 एवं 6 वर्ष के साथ बगल के घर में रहता था। उसकी पत्नी अलग रह रह रही थी और वह घरेलू विवाद के कारण तनावग्रस्त रहता था। 8 फरवरी की शाम लगभग 6 बजे विनोद अपने छोटे बेटे के साथ घर के सामने खड़ा था। अगले दिन सुबह मनोज जब मकान के पीछे स्थित कुएं के पास टुल्लू पंप चालू करने गया, तो कुएं के भीतर से विनोद की आवाज आई कि मोटर बंद कर दो, वह भीतर है। आसपास के लोगों को बुलाकर पूछताछ करने पर विनोद ने बताया कि उसने अपने छोटे बेटे को हत्या की नियत से कुएं में फेंक दिया और स्वयं अंदर उतरकर पानी में डुबोकर उसकी हत्या कर दी। सूचना मिलते ही लैलूंगा पुलिस मौके पर पहुंची और आरोपी व मृत बालक को कुएं से बाहर निकाला। घटना की रिपोर्ट पर थाना लैलूंगा में धारा 103, 1 भारतीय न्याय संहिता के तहत अपराध पंजीबद्ध किया गया। 'आरोपी विनोद महेश्वरी पिता स्व. मोहनराम महेश्वरी 30 वर्ष निवासी वार्ड क्रमांक 15, ग्राम जामढोंढी भदरापारा थाना लैलूंगा को गिरफ्तार कर नियमानुसार न्यायालय में प्रस्तुत किया गया, जहां से उसे न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया गया।

## मॉडिफाई साइलेंसर किसी गैरेज संचालक ने लगाया तो जाना पड़ सकता है जेल

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

जिले में ध्वनि प्रदूषण फैलाने वाले मॉडिफाई साइलेंसर एवं हैवी हार्न के खिलाफ अभियान चलाया जा रहा है। सीएसपी मयंक मिश्रा ने स्थानीय गैरेज संचालकों की बैठक ली। बैठक में उन्होंने छत्तीसगढ़ पुलिस के सशक्त ऐप के बारे में विस्तार से जानकारी दी और बताया कि गैरेज में प्रतिदिन आने वाले वाहनों में चोरी के वाहन भी हो सकते, जिनकी पहचान इस ऐप के माध्यम से की जा सकती है।

सभी गैरेज संचालकों के मोबाइल में ऐप इंस्टॉल कराया गया तथा उसके उपयोग की प्रक्रिया समझाई गई। उन्होंने कहा कि चोरी वाहन की सूचना देने वाले पुलिस मित्रों को पुलिस द्वारा सम्मानित किया जाएगा। सीएसपी ने बोर्ड परीक्षाओं के मद्देनज़र मॉडिफाई साइलेंसर से



विद्यार्थियों और बुजुर्गों को होने वाली परेशानी पर चिंता जताई। उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिए कि किसी भी गैरेज में मॉडिफाई साइलेंसर न लगाए जाएं। यदि कोई वाहन चालक यह बताए कि साइलेंसर संबंधित गैरेज में लगाया गया है तो संबंधित पर वैधानिक कार्रवाई की जाएगी। साथ ही चार पहिया वाहनों में निर्धारित मानक के अनुरूप नंबर प्लेट लगाने की हिदायत दी गई अन्यथा ऐसे वाहन चालक पर मोटर व्हीकल एक्ट के तहत कार्रवाई की जानकारी दी गई।

### सांस्कृतिक संध्या भव्य रूप से संपन्न

**सुंदरगढ़।** लोक कला और संस्कृति के उत्सव में उमड़ा जनसैलाब सुंदरगढ़ जिला महोत्सव यात्रा 2026 की दूसरी सांस्कृतिक संध्या भव्य एवं उल्लासपूर्ण वातावरण में संपन्न हुई। कार्यक्रम में राजस्व एवं आपदा प्रबंधन मंत्री सुरेश पुजारी मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे, जबकि बणई विधायक लक्ष्मण मुंडा विशिष्ट अतिथि के रूप में शामिल हुए। अपने संबोधन में मंत्री सुरेश पुजारी ने कहा कि इस प्रकार के सांस्कृतिक आयोजन लोक नृत्य एवं लोक संगीत को जीवंत बनाए रखने के साथ साथ उन्हें नई पीढ़ी तक पहुंचाने का सशक्त माध्यम हैं। उन्होंने पांच दिवसीय महोत्सव के दौरान प्रतिदिन जिले के महापुरुषों को समर्पित कार्यक्रम आयोजित करने के लिए जिला प्रशासन की सराहना की।

## घरघोड़ा में वित्तीय साक्षरता सप्ताह कैंप का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा 2016 से आयोजित वित्तीय साक्षरता सप्ताह एफएलडब्ल्यू का इस वर्ष 11वां संस्करण 9 से 13 फरवरी तक पूरे देश में मनाया जा रहा है। इस वर्ष का मुख्य उद्देश्य केवाईसी. सुरक्षित बैंकिंग की ओर पहला कदम है, जो सुरक्षित बैंकिंग इकोसिस्टम को मजबूत करने पर केंद्रित है। इसके अंतर्गत सब.थीमों में केवाईसी मूल बातें, केवाईसी रजिस्ट्री, खाता सुरक्षा, धोखाधड़ी रोकथाम और मनी म्यूल्स से सावधानी जैसे विषय शामिल हैं। घरघोड़ा ब्लॉक में चौथा वित्तीय साक्षरता कैंप आयोजित किया गया, जिसमें अग्रणी बैंक प्रबंधक कार्यालय के कमल किशोर सिंह, राज कुमार शर्मा, भारतीय स्टेट बैंक के मैनेजर जिष्णु नायक, सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया के राकेश यादव, छत्तीसगढ़ राज्य ग्रामीण बैंक के प्रबंधक विनीत कुमार और बैंक स्टाफ के साथ सरस्वती शिशु मंदिर विद्यालय के अध्यापक एवं विद्यार्थी मौजूद रहे। कैंप में 210 प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया और उन्हें केवाईसीए सी.केवाईसी, खाता सुरक्षा और धोखाधड़ी रोकथाम से संबंधित विस्तृत जानकारी दी गई। अग्रणी बैंक प्रबंधक कार्यालय ने जिले के सभी बैंक मैनेजरों से अनुरोध किया है कि वित्तीय साक्षरता सप्ताह के दौरान कम से कम दो कैंप अपने क्षेत्रों में आयोजित करें, ताकि ज्यादा से ज्यादा लोगों को जागरूक किया जा सके।

### एक अग्निकुंड में पांच जोड़ों का विवाह, एक जोड़े ने डाला घी तो दूसरे ने चंदन की लकड़ी

# सात पंडितों के वैदिक मंत्रोच्चार के साथ 190 जोड़ों ने लिए सात फेरे

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

जिले के शहीद कर्नल विप्लव त्रिपाठी स्टेडियम में आयोजित भव्य सामूहिक विवाह समारोह में 190 जोड़े विधि.-विधान ये वैवाहिक बंधन में बंधे। पंडितों के वैदिक मंत्रोच्चार, पारंपरिक रीति-रिवाजों और मांगलिक वातावरण से पूरा पंडाल गूंज उठा, जहां हर ओर खुशियों, उल्लास और नए सपनों की शुरुआत का दृश्य देखने को मिला। सीएम विष्णुदेव साय वर्चुअल रुप से कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि आज का दिन अत्यंत गर्व और खुशी का विषय है, जब एक साथ इतनी बड़ी संख्या में विवाह संपन्न हुए।

उन्होंने कहा कि पूर्व में बेटी की शादी





गरीब और ग्रामीण परिवारों के लिए बड़ी चिंता का कारण होती थी, जहां कर्ज लेना, जमीन बेचना या वर्षों तक आर्थिक बोझ उठाना मजबूरी बन जाता था। सीएम ने बताया कि तत्कालीन मुख्यमंत्री डॉ. रमन सिंह ने आमजन की भावनाओं को समझते हुए मुख्यमंत्री कन्यादान विवाह योजना को प्रदेश में लागू किया, जिससे ग्रामीण और आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों को बड़ी राहत मिली और बेटियों की शादी की चिंता काफी हद तक दूर हुई। उन्होंने कहा कि योजना की शुरुआत में जहां प्रति जोड़े मात्र 5 हजार की सहायता राशि निर्धारित थी, वहीं आज रजत जयंती वर्ष 2025 में यह बढ़कर 50 हजार हो चुकी है। कार्यक्रम के दौरान सभी नवदंपत्तियों को 25-25 हजार रुपये की आर्थिक सहायता राशि का चेक प्रदान किया गया, ताकि वे अपने नए जीवन की आवश्यकताओं को आत्मसम्मान के साथ पूरा कर सकें।

#### हर परिवार से 10-10 सदस्य

हर जोड़े के हर परिवार से 10-10 सदस्य भी इस विवाह के साक्षी बने। परिजनों से पंडाल खचाखच भरा हुआ था। मिनी स्टेडियम में मंगलवार को मेले जैसा माहौल था। चारों तरफ विवाह की खुशियों में परिजन बाजे गाजे के साथ झूम रहे थे।

#### जिस वाहन पर प्रतिबंध उसी में पहुंचे लोग

माल वाहक वाहनों में सवारी पर प्रतिबंध है। इसके बाद भी ऐसे दर्जनों जोड़े और उनके परिजन थे जो माल वाहक वाहनों में ही सवार होकर पहुंचे थे। खास बात यह है कि ट्रेफिक पुलिस इसमें सवार होकर पहुंचे लोगों को पार्किंग भी बता रहे थे। कुछ लोग तो कार से भी पहुंचे थे, लेकिन अधिकांश लोग पिकअप, छोटा हाथी और अन्य माल वाहकों में सवार होकर पहुंचे थे।

## खबर संक्षेप

### तीनों मार्गों से निकलेगी भव्य शिव बारात

**पत्थलगांव।** महाशिवरात्रि पर 15 फरवरी को शहर के तीनों मार्गों में भव्य शिव बारात निकलेगी। रायगढ़ रोड के श्री नर्मदेश्वर महादेव मंदिर से बारात निकाली जाएगी जिसमें सभी शहर वासी के साथ आसपास के गांव के लोग सम्मिलित होंगे। श्री महाशिवरात्रि महोत्सव समिति के द्वारा अनेक कलाकारों के द्वारा झांकी के साथ नृत्य, वर माला एवं अन्य कार्यक्रमों का प्रदर्शन किया जाएगा। भंडारे का भी आयोजन किया गया है। जो शहर के प्रमुख मन्दिर श्री सत्यनारायण मंदिर में संपन्न होगा।

### प्रभावित परिजन हेतु 4 लाख की राशि स्वीकृत

**जशपुरनगर।** कलेक्टर रोहित व्यास ने प्राकृतिक आपदा में जनहानि के एक मामले में प्रभावित परिजन को आरबीसी 6-4 के तहत 4 लाख रुपए की आर्थिक सहायता अनुदान राशि की स्वीकृत दी है। सन्ना तहसील अंतर्गत ग्राम महनई निवासी स्व. मुटकी बाई का सांप के काटने से 23 अक्टूबर 2024 को मृत्यु हो गई। मृतिका के निकटतम वारिस उनके पिता गुंजन राम एवं माता लूंदी बाई हेतु 04 लाख रुपए की आर्थिक सहायता अनुदान राशि स्वीकृत की गई है।

### बीईओ सहित चार को नोटिस जारी

**प्रतापपुर।** विकासखंड प्रतापपुर के वासुदेवपुर दवनकरा स्थित शासकीय स्कूल में आदिवासी बच्चों से झाड़ू लगवाने और साफ-सफाई कराने का मामला सामने आने के बाद शिक्षा विभाग की कार्यप्रणाली पोल खुल गई। बच्चों से स्कूल परिसर में झाड़ू लगवाने को लेकर कलेक्टर एस जयवर्धन ने मामले की गंभीरता को देखते हुए तत्काल संज्ञान में ली और जिला स्तरीय जांच टीम गठित कर जांच के निर्देश दिए। जिला स्तरीय जांच में यह स्पष्ट रूप से सामने आया कि बच्चों से स्कूल परिसर और शौचालय की साफ-सफाई करवाई जा रही थी और यह सिलसिला लंबे समय से चल रहा था। जांच में मामला सही पाए जाने के बाद जिला शिक्षा अधिकारी अजय मिश्रा ने कड़ा रुख अपनाते हुए बीईओ मुन्नूलाल धुर्वे, संकुल सीएससी तथा स्कूल में पदस्थ दो शिक्षकों के खिलाफ कारण बताओ नोटिस जारी किया है।जवाब संतोषजनक नहीं पाए जाने पर शिक्षा विभाग एवं कलेक्टर के समक्ष रिपोर्ट प्रस्तुत कर कड़ी अनुशासनात्मक कार्रवाई की जाएगी। कलेक्टर एस जयवर्धन ने साफ कहा है कि शिक्षा विभाग से लगातार शिकायतें मिल रही हैं और इस प्रकरण में दोषियों को किसी भी हाल में बख्शा नहीं जाएगा।

### अधिकारियों से मारपीट गाली गलौज, 15 गिरफ्तार

**बलरामपुर/ रामानुजगंज।** छात्रावास निर्माण के लिए अतिक्रमण हटाए गई टीम व अधिकारी कर्मचारियों से गाली गलौज, मारपीट और उन्हें बधंक बनाने के मामले में पुलिस ने बड़ी कार्रवाई की है। तहसीलदार की शिकायत के बाद पुलिस ने रामचंद्रपुर क्षेत्र से कुल 15 आरोपियों को एक साथ गिरफ्तार किया है, इनमें से ज्यादातर आरोपी एक ही परिवार के है। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ गंभीर धाराओं के तहत कार्रवाई की है। बताया जा रहा है कि रामचंद्रपुर में बालक छात्रावास भवन का निर्माण कराया जाना है। उक्त भवन निर्माण के लिए आबंटित भूमि पर लोगों द्वारा कब्जा किया गया है। ऐसे में एसडीएम के निर्देश पर तहसीलदार अश्वनी चंद्रा के नेतृत्व में नायब तहसीलदार, पटवारी और राजस्व विभाग की टीम पुलिसकर्मियों के साथ अतिक्रमण हटाने के लिए गई हुई थी। अतिक्रमण हटाने के दौरान कब्जाधारियों ने कार्रवाई का विरोध करते हुए तहसीलदार व अन्य राजस्व अधिकारी कर्मचारियों के साथ गाली गलौज और धक्का मुक्की की। इसके साथ ही आरोपियों ने लाठी डंडे से भी मारपीट की। मारपीट और विरोध के कारण शासकीय कार्य में व्यवधान उत्पन्न हुआ। इतना ही नहीं आरोपियों ने 2 घंटे तक अधिकारियों को घेरकर रखा और रोड जाम कर दिया था। तहसीलदार की शिकायत पर जांच उपरान्त रामचंद्रपुर पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ बीएनएस की धारा 296, 351 (3), 191(1), 221, 132 के तहत अपराध दर्ज कर जांच की जा रही थी।

# मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजनाः 48 जोड़े वैदिक रीति रिवाज के साथ परिणय सूत्र में बंधे

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना के अंतर्गत जिला प्रशासन एवं महिला एवं बाल विकास विभाग के संयुक्त तत्वावधान में जशपुर जिले के वरिष्ठ कम्युनिटी हॉल, जशपुर में सामूहिक कन्या विवाह समारोह का आयोजन किया गया।

जिला स्तरीय इस कार्यक्रम में जिले के 48 जोड़े वैदिक रीति-रिवाजों एवं धार्मिक अनुष्ठानों के साथ परिणय सूत्र में बंधकर दाम्पत्य जीवन की शुरुआत की। विवाह उपरांत सभी नवदंपत्तियों को विवाह प्रमाण पत्र प्रदान किया गया तथा शासन की मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना के अंतर्गत कन्या के नाम से 35-35 हजार रुपये का चेक एवं उपहार सामग्री प्रदान की गई। कार्यक्रम में नवविवाहित जोड़ों के परिजनों ने भी उत्साहपूर्वक सहभागिता निभाई। इस अवसर पर मुख्यमंत्री विष्णु देव साय राजधानी से वर्चुअल माध्यम से कार्यक्रम से जुड़कर नवदंपतियों को आशीर्वाद एवं शुभकामनाएं प्रदान कीं। उन्होंने नवदंपतियों के सुखद, समृद्ध एवं सफल वैवाहिक जीवन की कामना की। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि पत्थलगांव विधायक गोमती साय ने अपने उद्बोधन में कहा कि "कन्यादान महादान होता है। विवाह मानव जीवन के सोलह संस्कारों में से एक महत्वपूर्ण संस्कार है। आज यहाँ एक-दो नहीं, बल्कि 48 जोड़े वैवाहिक जीवन में प्रवेश कर रहे हैं, जो समाज में सामूहिक सौहार्द और समरसता का संदेश देता है।"उन्होंने कहा कि बेटियां अपने संस्कारों से दोनों कुलों को संवारती हैं और परिवार में सुख-समृद्धि लाती हैं। महिला एवं बाल विकास विभाग के कार्यक्रम अधिकारी अजय शर्मा ने जानकारी दी कि मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना के अंतर्गत जिले में कुल 48 जोड़ों का विवाह संपन्न हुआ, जिनमें एक दिव्यांग जोड़ा भी शामिल है।




सीएम विष्णुदेव साय ने राजधानी से वर्चुअली नवदंपतियों को दिया आशीर्वाद

योजना के अंतर्गत प्रत्येक जोड़े को शासन की ओर से 35 हजार रुपये की सहायता राशि, उपहार सामग्री एवं विवाह प्रमाण पत्र प्रदान किए गए। कार्यक्रम के दौरान जनप्रतिनिधियों द्वारा प्रतीकात्मक रूप से दो जोड़ों को चेक एवं प्रमाण पत्र प्रदान कर आशीर्वाद दिया गया। इस अवसर पर छत्तीसगढ़ भवन एवं अन्य सन्न निर्माण कर्मकार मंडल अध्यक्ष रामप्रताप सिंह, माटी कला बोर्ड के अध्यक्ष शंभुनाथ चक्रवती, नगर पंचायत अध्यक्ष अरविंद भगत, जनपद पंचायत अध्यक्ष गंगाराम भगत, एसडीएम प्रियारानी गुप्ता, जनप्रतिनिधिगण, अधिकारी-कर्मचारी एवं बड़ी संख्या में नागरिक उपस्थित रहे।

## तुरीटोंगरी में मिली अधजली लाश की गुत्थी सुलझी

# अंधे कत्ल का खुलासाः पत्नी समेत 3 नाबालिग पकड़े गए

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

सिटी कोतवाली क्षेत्र के पुरना नगर स्थित तुरीटोंगरी में अक्टूबर 2025 में मिली अधजली लाश की गुत्थी आखिरकार पुलिस ने सुलझा ली है। मामले में मृतक की पत्नी सुमित्रा भगत को गिरफ्तार किया गया है, जबकि घटना में साथ देने वाले दो नाबालिग बालिका और एक नाबालिग बालक को विधि अनुसार बाल संप्रेषण गृह भेजने की कार्रवाई की जा रही है।

- मृतक निकला महावीर राम भगत, पत्नी ने कबूला जुर्म
- शव को जलाकर पहचान मिटाने की थी साजिश

पुलिस जांच में अधजला शव महावीर राम भगत उम्र 49 वर्ष, निवासी गड़ियोटोंगरी, मनोरा का निकला। पहचान डीएनए जांच से पुख्ता हुई। इसके बाद शक की सुई पत्नी पर गई और हिरासत में लेकर पूछताछ की गई तो पूरा राज खुल गया।



### रिश्तों में कड़वाहट बनी वजह

जांच में पता चला कि पति-पत्नी के बीच अक्सर विवाद और मारपीट होती थी। महावीर आदतन शराब पीने का आदि था,जिसके कारण पत्नी सुमित्रा जशपुर में बच्चों के साथ अलग रह रही थी। घटना वाले दिन महावीर उसके घर आया था।

### नाबालिगों की मदद से जंगल ले जाकर जलाया शव

रात में पड़ोस के एक नाबालिग लड़के की मदद ली गई। लकड़ी की बल्ली से शव बांधा गया, तुरीटोंगरी ले जाकर पेट्रोल डालकर आग लगा दी, ताकि पहचान मिटाया जा सके।

### गैंती छीनकर किया हमला, फिर गला दबाया

पूछताछ में सुमित्रा भगत ने बताया कि पति पहले भी उसे जान से मारने की धमकी दे चुका था। उस दिन उसके हाथ में गैंती देखकर वह घबरा गई। विवाद बढ़ा तो उसने गैंती छीनकर महावीर के सिर और चेहरे पर वार कर दिया। गिरने के बाद उसकी छाती पर चढ़कर गला दबा दिया,उसमें बेटियों ने भी सहयोग किया जिससे उसकी मौत हो गई। घटना को घर में मौजूद बेटियों ने देखा। बाद में सभी ने मिलकर शव को चादर से ढंक दिया।

### ये सामान हुआ बरामद

पुलिस ने आरोपिया की निशानदेही पर हत्या में प्रयुक्त छोटी गैंती, पेट्रोल की सफेद जरकीन और टॉर्च जब्त कर ली है।

### वरिष्ठ अधिकारियों की मॉनिटरिंग में हुआ खुलासा

मामला संवेदनशील होने के कारण पुलिस कप्तान के निर्देशन में विशेष टीम गठित कर लगातार मॉनिटरिंग की गई। साइबर सेल और स्थानीय पुलिस के संयुक्त प्रयास से अंधे कत्ल की यह गुत्थी सुलझ पाई।

### भेजा जा रहा जेल

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डॉ लाल उम्मेद सिंह ने बताया कि मुख्य आरोपियों को न्यायिक रिमांड पर जेल भेजा जा रहा है, जबकि नाबालिगों को विधि अनुसार बाल संप्रेषण गृह भेजा जाएगा।

### ऐसे सामने आई सच्चाई

18 अक्टूबर 2025 को पुलिस को सूचना मिली थी कि तुरीटोंगरी के जंगल में गड्ढे के भीतर एक युवक का जला हुआ शव पड़ा है। चेहरा और शरीर का बड़ा हिस्सा जल चुका था, जिससे पहचान मुश्किल थी। पोस्टमार्टम रिपोर्ट में हत्या की पुष्टि हुई तो पुलिस ने अज्ञात आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी।फोटो आसपास के थानों में भेजे गए, गुमशुदगी की जानकारी जुटाई गई, मुखबिर तंत्र और तकनीकी टीम को लगाया गया। दिसंबर में मृतक के भाई ने आकर बताया कि महावीर दिवाली से लापता है और पत्नी की गतिविधियां संदिग्ध हैं।

# सरगुजा ओलंपिक कल से रणजीता स्टेडियम में 12 खेल विधाओं में दिखेगा युवाओं का कौशल

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

सरगुजा संभाग के आदिवासी बहुल अंचल की खेल प्रतिभाओं को मंच प्रदान करने के उद्देश्य से सरगुजा ओलंपिक 2026 का आयोजन किया जा रहा है।

प्रतियोगिता के अगले चरण में जिला स्तरीय प्रतियोगिताएं 12 एवं 13 फरवरी को प्रातः 8.30 बजे से रणजीता स्टेडियम, जशपुर में आयोजित की जाएगी। यह आयोजन मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के मंशानुरूप तथा खेल एवं युवा कल्याण विभाग के मार्गदर्शन में किया जा रहा है। जिसका उद्देश्य ग्रामीण एवं आदिवासी युवाओं की खेल क्षमता को निखारकर उन्हें राज्य एवं राष्ट्रीय स्तर तक पहुंचाना है।

खेल विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार प्रतियोगिता में विकासखण्ड स्तर पर विजेता रहे प्रतिभागी हिस्सा लेंगे। 12 फरवरी को जूनियर वर्ग (14 से 17 वर्ष, बालक एवं बालिका) तथा 13 फरवरी को सीनियर वर्ग (18 वर्ष से अधिक, महिला एवं पुरुष) की प्रतियोगिताएं आयोजित होंगी।

### होगा रोमांचक मुकाबला

जिला स्तरीय सरगुजा ओलंपिक 2026 में कुल 12 खेल विधाओं में प्रतियोगिताएं संपन्न होंगी। इनमें व्यक्तिगत एवं दलीय दोनों प्रकार के खेल शामिल हैं। व्यक्तिगत खेलों में एथलेटिक्स के अंतर्गत 100 मीटर, 200 मीटर, 400 मीटर दौड़, लंबी कूद, ऊंची कूद, शॉटपुट, डिस्कस थ्रो, जैवलिन थ्रो एवं 4×100 मीटर रिले रेस, तीरंदाजी, बैडमिंटन, कुश्ती एवं कराते शामिल हैं। वहीं दलीय खेलों में फुटबॉल, हॉकी, कबड्डी, खो-खो, वॉलीबॉल, बास्केटबॉल एवं रस्साकसी के मुकाबले खेले जाएंगे।

### मिलेगा आगे बढ़ने का अवसर

सरगुजा ओलंपिक का आयोजन सरगुजा संभाग के सरगुजा, सूरजपुर, बलरामपुर, कोरिया, मनेंद्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर एवं जशपुर जिलों के खिलाड़ियों को एक साझा मंच प्रदान करता है। जिला स्तर पर उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ी आगामी संभाग स्तरीय प्रतियोगिताओं के लिए चयनित होंगे। जिला प्रशासन एवं खेल विभाग द्वारा प्रतियोगिता के सुचारू आयोजन हेतु सभी आवश्यक तैयारियां पूर्ण की जा रही हैं। यह आयोजन न केवल खेल प्रतिभाओं को प्रोत्साहन देगा, बल्कि युवाओं में अनुशासन, टीम भावना और स्वस्थ प्रतिस्पर्धा की भावना को भी मजबूत करेगा।

# 225 मरीजों का परीक्षण, 174 को दिए गए चश्मे

**जशपुरनगर।** बाबा भगवान राम ट्रस्ट के वर्तमान अध्यक्ष पूज्यपाद गुरूपद संभव रामजी के निर्देशन में चलाए जा रहे अनेक जनकल्याणकारी कार्यक्रमों के अंतर्गत आरंभ किये गये चक्षु अभियान के तहत विकास खंड दुलदुला के ग्राम ढारेन में एक दिवसीय नेत्र चिकित्सा सह अन्य रोगों की चिकित्सा हेतु निःशुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन 8 फरवरी रविवार को किया गया। शिविर शासकीय प्राथमिक शाला ढारेन के प्रांगण में प्रातः 10.30 बजे ट्रस्ट के संस्थापक अध्यक्ष परमपूज्य अघोरेश्वर भगवान रामजी एवं वर्तमान अध्यक्ष पूज्यपाद गुरूपद संभव रामजी के चित्रों पर विधिवत पूजन-आरती पश्चात नारियल फोड़कर कर किया गया जो सांय 4.30 बजे तक अनवरत चलता रहा।



### शिविर में अन्य रोग की चिकित्सा

अन्य रोगो के चिकित्सा हेतु गुमला से आये हुए डॉ रुद्र कश्यप, जनरल फ्रिजीशियन ने अपनी सेवाएं प्रदान की। शिविर में अन्य रोगो के 225 मरीजो को जांचोपरांत आवश्यक दवाइयां प्रदान की गई। इस शिविर में काफी संख्या में वृद्ध, लाचार एवं आशाक्त जन उपस्थित थे। उक्त शिविर में ऐसे मरीज भी आए जिनको परिवार वाले गेड़ुआ भार में बैठा कर चिकित्सा हेतु लाए थे। शिविर में रक्त शर्करा आदि की परीक्षण की भी व्यवस्था थी।

### निःशुल्क वस्त्र एवं कंबल वितरण, इनकी उपस्थिति में

बाबा भगवान राम ट्रस्ट की ओर से आयोजित शिविर में जरूरतमंदां ग्रामीणों को निःशुल्क कंबल एवं साड़िया भी बांटे गए। शिविर को सफल बनाने में सत्येन्द्र सिंह, अखिलेश यादव,शंकर यादव,सुशील चौधरी, संतोष कुमार मिश्र, के साथ श्री सर्वेश्वरी समूह शाखा गुमला के अजय प्रसाद, अजय सिन्हा, संजय महापात्र, आश्रम कुमार, बबलूजी, मोहन, मुन्ना, मुकेश दास,महेन्द्र गोप, सुरेन्द्र सिंह, उदय गुप्ता का विशेष सहायोग रहा। शिविर की व्यवस्था हेतु कमल दूबे, प्रवीण सिन्हा, सत्यम सिंह नायक, सुनील व अन्य स्टाफगण का विशेष सहयोग रहा।

# एनएसएस विशेष शिविर के चौथे दिवस श्रमदान

**जशपुरनगर।** शासकीय राम भजन राय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, जशपुर की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा सात दिवसीय विशेष शिविर का आयोजन 7 फरवरी से 13 फरवरी तक ग्राम भुड़केला में किया जा रहा है।


- बौद्धिक परिचर्चा एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित

शिविर के अंतर्गत स्वयंसेवकों द्वारा सामाजिक चेतना एवं जनकल्याण से जुड़ी विविध गतिविधियाँ निरंतर उत्साहपूर्वक संचालित की जा रही हैं। शिविर के चौथे दिवस स्वयंसेवकों द्वारा श्रम कार्य एवं श्रम परियोजना कार्य के अंतर्गत ग्राम के चर्चपारा स्थित हैंडपंप के पास साफ-सफाई, सोखता गड्ढा निर्माण, पुलिया के आसपास स्वच्छता अभियान तथा नशा मुक्ति संबंधी नारालेखन का कार्य किया गया। इन गतिविधियों के माध्यम से ग्रामीणों को स्वच्छता एवं नशामुक्ति के प्रति जागरूक किया गया। दोपहर में आयोजित बौद्धिक परिचर्चा में कार्यक्रम की मुख्य अतिथि, प्राचार्य शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय भुड़केला श्रीमती ललिता सिंह ने कहा कि स्वस्थ समाज के निर्माण के लिए मानसिक स्वास्थ्य एवं नशामुक्त जीवन अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने युवाओं से सकारात्मक सोच, संयम एवं अनुशासित जीवनशैली अपनाने का आह्वान किया। इस अवसर पर कार्यक्रम के मुख्य वक्ता दीपक कुमार ने मानसिक स्वास्थ्य एवं नशामुक्ति विषय पर विस्तारपूर्वक प्रकाश डाला। उन्होंने मानसिक स्वास्थ्य के लक्षणों, मेंटल हेल्थ को सुदृढ़ करने के उपाय, अवसाद से दूर रहने के तरीके तथा मानसिक समस्याओं के समाधान पर उपयोगी जानकारी प्रदान की। साथ ही नशामुक्त जीवन अपनाने के व्यावहारिक उपायों पर भी चर्चा की। सांध्यकालीन सांस्कृतिक कार्यक्रम में छात्र-छात्राओं द्वारा छत्तीसगढ़ी करमा नृत्य की आकर्षक प्रस्तुति दी गई। इसके अतिरिक्त नशा मुक्ति एवं छुआछूत निवारण के सामाजिक संदेशों पर आधारित नाटक प्रस्तुत कर समाज में जागरूकता का प्रभावी संदेश दिया गया। शिविर की गतिविधियों को सफल बनाने में शिविर नायक, नायिका,एवं स्वयंसेवक ईश्वर राम, भानु यादव, गौतम यादव, चांदनी नायक, चांदनी बड़ाइक, कविता नायक एवं वर्षा कुजूर की महत्वपूर्ण भूमिका रही।




## धूमधाम से निकली श्रीकृष्ण की बारात

# श्रीमद् भागवत कथा के छठवें दिन जशपुर में उमड़े भक्तिरस के प्रेमी




हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

- भव्य झांकियों के साथ सजी कृष्ण–रुक्मिणी विवाह, भजन–कीर्तन व गरबा- डांडिया नृत्य में झूमे श्रद्धालु

शहर के श्रीहरि कीर्तन भवन में आयोजित सात दिवसीय संगीतमय श्रीमद भागवत कथा के छठवें दिन सोमवार को भक्ति, उल्लास और आनंद का भव्य दृश्य देखने को मिला। छठवें दिन भगवान श्रीकृष्ण की विवाह का भावपूर्ण वर्णन एवं सजीव मंचन किया गया, जिसने श्रद्धालुओं को भाव-विभोर कर दिया।

छठवें दिन की कथा के जजमान कमल कांत वर्मा (पप्पू) एवं उनकी धर्मपत्नी अंशु वर्मा, जशपुर रहे। विधिवत पूजन-अर्चना के साथ कथा का शुभारंभ हुआ। वृंदावन से पधारे कथावाचक करुणा शंकर महाराज ने श्रीमद भागवत कथा में भगवान श्रीकृष्ण एवं देवी रुक्मिणी के पावन विवाह प्रसंग का अत्यंत सुंदर एवं रसपूर्ण वर्णन किया। जैसे ही श्रीकृष्ण की बारात का प्रसंग आया, पूरा पंडाल भक्ति एवं उत्साह से सराबोर हो गया।कथा के दौरान भव्य झांकियों के माध्यम से श्रीकृष्ण की बारात का आगमन, विवाह मंडप की सजावट, मंत्रोच्चार एवं विवाह संपन्न होने तक के सभी दृश्य सजीव रूप में प्रस्तुत किए गए। बच्चों एवं कलाकारों द्वारा प्रस्तुत झांकियों ने श्रद्धालुओं का मन मोह लिया।

सुंदर वेशभूषा, आकर्षक साज-सज्जा एवं भावपूर्ण अभिनय झांकी की विशेष पहचान रही।श्रीकृष्ण की बारात एवं विवाह उत्सव के दौरान भजन-कीर्तन के साथ गरबा एवं डांडिया नृत्य का आयोजन भी किया गया। महिलाएं, युवतियां एवं श्रद्धालु पारंपरिक वेशभूषा में गरबा–डांडिया करते नजर आए। "आज मेरे श्याम की शादी है", "बाजे ढोल नगाड़ा" जैसे भजनों पर पूरा पंडाल उत्सव में बदल गया और "जय श्रीकृष्ण" व "राधे-राधे" के जयकारों से वातावरण गूंज उठा।

### भक्ति और उल्लास का अद्भुत संगम

पूरी कथा में झांकियों, भजनों, गरबा–डांडिया एवं विवाह लीला के माध्यम से भक्ति और सांस्कृतिक उत्सव का सुंदर समन्वय देखने को मिला। श्रद्धालुओं ने इस आयोजन को अत्यंत भावपूर्ण और स्मरणीय बताया।कथा के समापन के पश्चात आरती एवं प्रसाद वितरण किया गया, जिसे आयोजन समिति के सदस्यों एवं स्वयंसेवकों ने सेवा भाव के साथ संपन्न कराया। उल्लेखनीय है कि श्रीहरि कीर्तन भवन में आयोजित सात दिवसीय संगीतमय श्रीमद भागवत कथा प्रतिदिन सायं 6 बजे से 9 बजे तक जारी है। आयोजन समिति ने नगरवासियों से अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर कथा श्रवण कर धर्मलाभ लेने की अपील की है।

# आरपीएफ ने किया 10 लाख का गांजा जब्त



**सुंदरगढ़।** बंडामुंडा दक्षिण पूर्व रेलवे के चक्रधरपुर रेल मंडल अंतर्गत राउरकेला रेलवे स्टेशन पर रेलवे सुरक्षा बल आरपीएफ की फ्लाइंग स्क्वॉड टीम ने मादक पदार्थ तस्करी के खिलाफ बड़ी सफलता हासिल की है। टीम द्वारा की गई कार्रवाई में लगभग 10 लाख रुपये मूल्य का गांजा जब्त किया गया है, जबकि इस अवैध तस्करी में शामिल एक आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है।

आरपीएफ अधिकारियों के अनुसार, संदिग्ध अवस्था में घूम रहे एक व्यक्ति को रोककर उसके बैग की तलाशी लेने पर भारी मात्रा में गांजा बरामद हुआ।जब्त किए गए गांजे का कुल वजन लगभग 19.820 किलोग्राम बताया गया है, जिसकी बाजार कीमत करीब दस लाख रुपये आंकी गई है। गिरफ्तार आरोपी उत्तर प्रदेश के शामली जिले का निवासी बताया गया है। पूछताछ के दौरान उसने बताया कि वह ओडिशा के बहादुरगढ़ से गांजा खरीदकर दिल्ली ले जाकर बेचने की योजना बना रहा था। आरोपी के पास से एक मोबाइल फोन भी जब्त किया गया है, जिसकी जांच जारी है। जीआरपी द्वारा एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज कर आरोपी को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है।




# द केरल स्टोरी 2- गोज बियॉन्ड का दूसरा गाना रिलीज

**मुंबई।** विपुल अमृतलाल शाह की फिल्म 'द केरल स्टोरी 2 - गोज बियॉन्ड'का इमोशनल गाना 'ओ माई री'रिलीज हो गया है। इस गाने में श्रेया घोषाल ने अपनी खूबसूरत आवाज दी है, जिसने इसे और भी इमोशनल बना दिया है। पहले पार्ट 'द केरल स्टोरी'ने अपनी बेबाक कहानी से देशभर में बहस छेड़ दी थी। अब इसका सीक्वल उससे भी ज्यादा इंटेंस नजर आ रहा है। हाल ही में इस फिल्म का दूसरा गाना 'ओ माई री'रिलीज किया गया है। ओ माई री'गाना मां और बच्चे के रिश्ते को समर्पित है। यह गाना मां के उस निःस्वार्थ प्यार, सुरक्षा और अपनेपन को महसूस कराता है, जो हर बच्चे के लिए सबसे बड़ा कवच होता है।

लाइफ Style

# तृप्ति

## खुद की जिंदगी से जोड़ी ओ रोमियो की कहानी

तृप्ति डिमरी इन दिनों अपनी अपकमिंग फिल्म 'ओ रोमियो' को लेकर चर्चा में हैं। यह फिल्म 'वैलेंटाइन डे' से एक दिन पहले 13 फरवरी को रिलीज होने वाली है। फिल्म में तृप्ति डिमरी अफशा का किरदार निभाएंगी। इसमें उनके साथ शाहिद कपूर अहम किरदार में हैं।

एजेंसी ▶▶ मुंबई

हाल ही में अभिनेत्री ने बताया है कि वह ट्रोल होने पर कैसा महसूस करती हैं। उन्होंने कहा 'मैं रोती हूं। इंसान हूं, इसलिए कभी-कभी बहुत रोती भी हूं। लेकिन, अगर कोई मेरी फिल्म या मेरे काम को लेकर आलोचना करे, तो मैं उस पर नहीं रोती। मैं इसे ऐसे लेती हूं कि किसी को मेरा काम पसंद आएगा, किसी को नहीं। सबको खुश करना संभव नहीं है।'

उन्होंने आगे कहा 'हां, अगर कोई पर्सनल कमेंट कर दे, तो वह बात मुझे बुरी लगती है। बिल्कुल अच्छा नहीं लगता। लेकिन फिर भी, मैं उस पर रोती नहीं हूं। मुझे कोई इतनी आसानी से रुला नहीं सकता।' तृप्ति डिमरी ने प्यार पर अपनी बात रखते हुए कहा 'अगर मैं खुद को फिल्म की लव स्टोरी में रखूं, तो जिस बात से मैं सबसे ज्यादा जुड़ पाती हूं, वह है इस कहानी में मौजूद प्यार की सच्चाई। मुझे हमेशा लगता है कि प्यार ऐसा ही होना चाहिए। सीधा, साफ और बिल्कुल पवित्र। यही चीज इस कहानी में भी है। यही बात मेरी अपनी रियल लाइफ से भी सबसे ज्यादा मिलती है। फिल्म 'ओ रोमियो' एक्शन थ्रिलर फिल्म है। इसके लेखक और निर्देशक विशाल भारद्वाज हैं। इसके निर्माता साजिद नाडियाडवाला हैं।




हॉलीवुड मसाला




# सुपर बाउल... पर दिखा बैड का जलवा

**लॉस एंजिल्स।** रविवार रात सांता क्लारा के लेवीज स्टेडियम में सुपर बाउल LX हाफटाइम शो हुआ। शो में ग्रैमी अवॉर्ड विजेता बैड बनी ने पूरा माहौल बदल कर रख दिया। इस शाम हॉलीवुड के कई कलाकार शो का मजा लेने पहुंचे। बैड बनी ने सुपर बाउल में इतिहास रच दिया। वह सुपर बाउल के हाफटाइम शो में पहले स्पैनिश भाषा में गाने वाले लैटिन सोलो आर्टिस्ट बने। सुपर बाउल वीकेंड पर हॉलीवुड का पूरा ग्लैमर देखने को मिला। मशहूर सितारे लियोनार्डो डिकैप्रियो, टोबी मैग्वायर, सुपर मॉडल केंडल जेनर और सिंगर लेडी गागा जैसे कलाकार शामिल हुए।



# शादी से पहले प्रेग्नेंसी को लेकर अफवाह

**लॉस एंजिल्स।** हॉलीवुड के क्यूट कपल जेंडया और टॉम हॉलैंड को लेकर एक नई अफवाह उड़ी है। सोशल मीडिया पर दावे किए जा रहे हैं कि एक्ट्रेस मां बनने वाली हैं। यह चर्चा ऐसे समय में सामने आई है, जब सगाई के बाद दोनों की शादी की चर्चाएं भी जोर-शोर से चल रही हैं। जेंडया और टॉम हॉलैंड को हाल ही स्पॉट किया गया। वायरल तस्वीरों को देखकर ही एक्ट्रेस की प्रेग्नेंसी की अटकलों ने जोर पकड़ा है। हालांकि, यह पहली बार नहीं है, जब ऐसी अफवाह उड़ी है। इससे पहले जब ऐसा हुआ था, तब जेंडया की मां, क्लेयर स्टॉर्मर ने इन दावों को सख्ती से खारिज कर दिया था और लोगों से बेहतर सोर्स पर भरोसा करने की अपील की थी। बहरहाल, इस बीच कई फैंस और ऑनलाइन कमेंटेटर्स का कहना है कि एक्ट्रेस जिस तरह बड़े साइज के कपड़े पहन रही हैं, यह सर्दियों में कई लेयर्स में पहने जाने वाले कपड़ों से अलग है।



# सनी की कैनेडी ओटीटी पर देगी दस्तक

**मुंबई।** अनुराग कश्यप के निर्देशन में बनी फिल्म 'कैनेडी' आखिर भारतीय दर्शकों तक पहुंचने वाली है। साल 2023 में इस थ्रिलर फिल्म को कान फिल्म फेस्टिवल में करीब सात मिनट का स्टैंडिंग ओवेशन मिला था। मगर, भारत में यह फिल्म अब तक रिलीज नहीं हुई थी। अब यह फिल्म ओटीटी पर दस्तक देगी। रविवार को इसका ट्रेलर रिलीज हुआ है। फिल्म 'कैनेडी' इसी महीने रिलीज होने जा रही है। इस फिल्म का प्रीमियर 20 फरवरी से जी5 पर होगा। फिल्म 'कैनेडी' में सनी लियोनी के अलावा राहुल भट्ट लीड रोल में हैं। राहुल ने पुलिस अफसर का रोल निभाया है। यह एक थ्रिलर फिल्म है, जिसकी कहानी एक पूर्व पुलिस अफसर के इर्द-गिर्द घूमती है। वह सोता नहीं है और उसे काफी समय से मरा हुआ समझ लिया गया है। पुलिस ऑफिसर को इसकी परवाह नहीं है।



# व्हाट्सएप फैक्ट्रियां बना रहीं कहानी

**मुंबई।** संदीप रेड्डी वांगा के निर्देशन में बन रही फिल्म 'स्पिरिट' शुरू से चर्चा में है। बीते रविवार ऐसी खबरें सामने आईं कि दीपिका के बाद अब प्रकाश राज भी 'स्पिरिट' से हट गए हैं। फिल्म 'स्पिरिट' से अपने बाहर होने की अफवाहों को बढ़ता देख प्रकाश राज ने सोशल मीडिया पोस्ट शेयर कर इस पर प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने अपने एक्स अकाउंट से आज सोमवार को एक पोस्ट शेयर किया है। इसमें लोगों से अफवाहें न फैलाने की बात कही है। एक्टर ने लिखा है, 'सभी टॉक्सिक फर्जी खबरें फैलाने वालों को 'स्पिरिट' फिल्म के बारे में बताना चाहता हूं। हमने अभी तक मेरे सीन्स की शूटिंग शुरू भी नहीं की है और व्हाट्सएप फैक्ट्रियां कहानियां बना रही हैं। थोड़ी समझदारी दिखाओ। अपनी जिंदगी जियो'।

टीवी मसाला



# पलक झपकते ही बदल जाती है शैतान की कहानी

**नई दिल्ली।** 2 घंटे 12 मिनट की फिल्म में हॉरर, सस्पेंस की कोई कमी नहीं दिखेगी। जो लोग दिमाग हिलाने वाला सस्पेंस चाहते हैं उनके लिए ये फिल्म बिल्कुल परफेक्ट है। नेटफ्लिक्स पर मौजूद ये फिल्म शैतान है। इस फिल्म में डर ही एक भाषा की तरह है, इसलिए भाषा कोई बाधा नहीं है। सुपरनेचुरल हॉरर फिल्म शैतान गुजराती में रिलीज हुई वश की रीमेक है।फिल्म की कहानी बहुत सिंपल है। कबीर ऋषि (अजय देवगन) अपनी पत्नी ज्योति (ज्योतिका), बेटी जाह्नवी (जानकी बोडिवाला) और बेटे ध्रुव (अंगद राज) के साथ छुट्टियां मनाने अपने फार्महाउस जाता है। कार से यात्रा करते हुए, वे रास्ते में एक ढाबा पर खाना खाने के लिए रुकते हैं। वहां वनराज (माधवन) किसी तरह उनकी मदद करता है और दोस्ती कर लेता है। इसी दौरान वनराज द्वारा दी गई मिठाई खाने के बाद जानवी पूरी तरह वनराज के नियंत्रण में आ जाती है। वनराज पीछा करते हुए फार्महाउस तक पहुंचता है और जानवी को अपने इशारे पर चलाता है। वह उसे अपने पास देने की मांग करता है, जिससे माता-पिता के लिए यह बड़ा संकट बन जाता है। माता-पिता और वनराज के बीच संघर्ष में क्या जानवी बच पाई या खो गई? वनराज की पृष्ठभूमि क्या है? यही फिल्म की आगे की कहानी है। फिल्म की शुरुआत काफी हल्की-फुल्की होती है। लेकिन जैसे-जैसे कहानी आगे बढ़ती है, अनपेक्षित घटनाएं दर्शकों को बांध लेती हैं। खासकर माधवन की एंट्री से ही लगता है कि कुछ बड़ा होने वाला है। एक ही घर, सिर्फ पांच किरदार, 2 घंटे में जो घटनाएं और ट्विस्ट होते हैं, वे चौंका देते हैं।

## पति अपूर्व से अलग रहती हैं दिव्या

**नई दिल्ली।** रियलिटी शो द 50 इस वक्त जियोहॉटस्टार और कलर्स टीवी पर प्रसारित हो रहा है। 50 दिनों तक 50 लाख के लिए हो रहे इस गेम शो में आए दिन कोई न कोई नई भसड़ देखने को मिलती है। लेटेस्ट एपिसोड में एक्ट्रेस दिव्या अग्रवाल पर को-कंटेस्टेंट भाव्या सिंह ने काफी पर्सनल कमेंट्स किए। दावा किया कि वह 'गोल्ड डिगर' हैं और पति अपूर्व पडगांवकर से अलग रहती हैं। बैल और बुद्धि टास्क के दौरान इनके बीच बहस शुरू हुई थी और पीठ पीछे एक-दूसरे की छीछालेदर की। दिव्या ने युविका चौधरी से कहा कि वह अपने पति को बहुत मिस कर रही हैं। उसने उनकी लाइफ को पूरी तरह से बदल दिया है। 'वो बहुत ही शांत और प्यारा इंसान है। मैंने उसके आगने के बाद अपनी लाइफ में दोस्त बनाने शुरू किए। उसने मुझे दोस्ती का मतलब सिखाया है।' इधर, भाव्या ने दावा किया कि दिव्या और अपूर्व साथ नहीं रहते, 'दिवाली पर असली पटाखे तो इसके घर पर फूटे थे।



# गोदभराई में लैमन ग्रीन लहंगे में खूब दमकीं सोनम



**मुंबई।** अभिनेत्री सोनम कपूर अपनी एक्टिंग ही नहीं, फैशन सेंस के लिए भी मशहूर हैं। मौका कोई भी हो वे अपने स्टाइल से सबको चौंका देती हैं। एक्ट्रेस दूसरी बार मां बनने वाली हैं। रविवार को उनकी गोदभराई की रस्म हुई। होने वाले बच्चे को आशीर्वाद देने तमाम सितारे पहुंचे। सोनम कपूर ने बेबी शावर में लाइम ग्रीन कलर की ड्रेस पहनीं। उन्होंने अपनी गोदभराई की फोटोज अपनी इंस्टाग्राम स्टोरी पर शेयर की हैं। सोनम कपूर की गोदभराई में अभिनेता अनुपम खेर भी पहुंचे। उन्होंने सोनम कपूर की फोटो शेयर करते हुए उन्हें शुभकामना दी है। अनुपम खेर ने लिखा है, 'प्यारी सोनम तुम्हें गोदभराई की शुभकामनाएं। खूब प्यार और आशीर्वाद'। सोनम ट्रेडिशनल लुक में बेहद प्यारी लग रही हैं। हैवी ज्वैलरी से उन्होंने अपना लुक कंपलीट किया है। सोनम कपूर की गोदभराई के कार्यक्रम में डेकोरेशन भी खास की गई। फूलों से घर को सजाया गया। सोनम कपूर की कजिन अंशुला कपूर ने गोदभराई फंक्शन की इनसाइड फोटोज शेयर करते हुए उन्हें बधाई दी हैं। इसके अलावा मसाबा गुप्ता भी प्रोग्राम में शामिल हुईं। उन्होंने भी फोटो शेयर की है। गोदभराई की रस्म की इनसाइड फोटोज शेयर करते हुए तमाम सेलेब्स ने सोनम कपूर और आनंद आहूजा को बधाई दी है। आनंद आहूजा और सोनम ने साल 2018 में शादी रचाई थी। अगस्त 2022 में कपल ने पहली संतान के रूप में बेटे का स्वागत किया। बेटे का नाम उन्होंने वायु रखा है। अब यह खूबसूरत जोड़ी अपनी दूसरी संतान का स्वागत करेगी। अभिनेत्री सोनम कपूर ने साल 2007 में फिल्म 'सांवरिया' से बॉलीवुड में डेब्यू किया था।

# बॉलीवुड की वो फिल्म, जिसे बनने में लगे 23 साल रिलीज से पहले हुई 2 लीड एक्टर, डायरेक्टर की मौत

**नई दिल्ली।** कई बार देखा गया है कि फिल्मों को बनने में कई साल लग जाते हैं। कई बार डायरेक्टर और स्टार्स के बीच अनबन की वजह से ऐसा होता है तो कई बार बजट को लेकर, या फिर फीस को लेकर भी समस्याएं आती हैं। इन कारणों के चलते भी फिल्में सालों तक लटकी रहती हैं। इनके चलते कुछ फिल्मों को सिनेमाघरों तक पहुंचने में लंबा समय लग जाता है। आज हम आपको एक ऐसी ही फिल्म के बारे में बताने जा रहे हैं, जिसे बनने में 23 साल लगे।

***1963 में शुरू हुई थी फिल्म की शूटिंग :*** हम जिस फिल्म की बात कर रहे हैं उसकी शूटिंग 1963 में शुरू हुई थी, लेकिन यह 1986 में रिलीज हुई। आपको जानकर हैरानी होगी कि जब तक ये फिल्म पर्दे पर आई इसके दो कलाकार और एक निर्देशक की मौत हो चुकी थी। इसके बाद निर्देशक की पत्नी ने फिल्म का निर्देशन पूरा किया। हम जिस फिल्म की बात कर रहे हैं, वह है 'लव एंड गॉड' , जिसे 'कैस और लैला' के नाम से भी जाना जाता है ।

***मेन लीड की हुई मौत :*** फिल्म 'लव एंड गॉड' लैला और मजनू की पौराणिक प्रेम कहानी पर आधारित थी । गुरु दत्त ने कैस की भूमिका निभाई थी, जबकि निम्मी ने लैला का किरदार निभाया था। लेकिन, 1964 में दत्त का अचानक निधन हो गया और कैस के रोल के लिए नए कलाकार को लेना पड़ा। इसके बाद इस रोल के लिए संजीव कुमार को चुना गया। हालांकि, त्रासदी फिर से घटित हो गई। 1970 में फिर से फिल्म की शूटिंग शुरू हुई।



## 15 साल बाद किया रिलीज का फैसला

*15 साल बाद आसिफ की पत्नी अख्तर आसिफ ने अधूरी फिल्म को रिलीज करने का फैसला किया। उन्होंने निर्माता-निर्देशक-वितरक के.सी. बोकाडिया की मदद ली। फिल्म की बची हुई शूटिंग अलग-अलग तीन स्टूडियो में पूरी की गई और फिल्म को रिलीज किया गया, लेकिन फिल्म रिलीज से पहले 1985 में फिल्म के लीड एक्टर संजीव कुमार की भी मौत हो गई। उनकी मौत के बाद आखिरकार, जैसे-तैसे इस फिल्म को 27 मई 1986 को बड़े पर्दे पर रिलीज किया गया। इन्हीं घटनाओं की वजह से 'लव एंड गॉड' फिल्म को मनहूस कहा जाता है। क्योंकि, इस फिल्म को बनाने के दौरान एक्टर से लेकर डायरेक्टर-प्रोड्यूसर तक की मौत हो गई थी। हालांकि, ये फिल्म बॉक्स ऑफिस पर बुरी तरह फ्लॉप रही।*

## फरवरी का दूसरा सप्ताह भी होगा धमाकेदार

# वैलेन्टाइन वीक में रिलीज होंगी ये सीरीज और फिल्में

*नई दिल्ली। फरवरी का महीना है। वैलेन्टाइन वीक चल रहा है। मोहब्बत वाले इस महीने में अगर आप घर बैठे कोई बढ़िया सी मूवी या सीरीज देखना चाहते हैं तो ओटीटी पर आपके लिए दिलचस्प विकल्प हैं। इस सप्ताह ओटीटी के पिटारे में कई बढ़िया फिल्में और सीरीज हैं।*



### अमर विश्वास

छोटे पर्दे से लेकर फिल्मों तक अपने अभिनय की छाप छोड़ने वाले राजीव खंडेलवाल अपनी नई सीरीज को लेकर सुर्खियों में हैं। वे कोर्टरूम ड्रामा सीरीज 'अमर विश्वास' में नजर आएंगे। इसमें वे वकील की भूमिका अदा करने वाले हैं। यह सीरीज ओटीटी प्लेटफॉर्म अमेजन एमएक्स प्लेयर पर 11 फरवरी से स्ट्रीम होगी। इसमें आमिर अली, बरखा बिष्ट और रवि बहल जैसे सितारे भी नजर आएंगे।

### कोहरा सीजन 2

वेब सीरीज 'कोहरा' को दर्शकों ने काफी पसंद किया था। अब इसका दूसरा सीजन फरवरी से स्ट्रीम होगा। बरुण सोबती और मोना सिंह अभिनीत यह सीरीज 11 फरवरी से नेटफ्लिक्स पर स्ट्रीम होगी। मोना सिंह इस सीरीज में एक सख्त पंजाबी पुलिस अधिकारी के रूप में नजर आएंगी।

### माना शंकरा वर प्रसाद गारू

चिरंजीवी, वेंकटेश और नयनतारा अभिनीत यह फिल्म भी इस वीक की लिस्ट में शामिल है। इस तेलुगु एक्शन कॉमेडी फिल्म का निर्देशन अनिल रविपुड़ी ने किया है। थिएटर्स में यह फिल्म 12 जनवरी 2026 को रिलीज हुई थी। अब यह फिल्म ओटीटी पर आ रही है। यह फिल्म 11 फरवरी से जी5 पर स्ट्रीम होगी।

### थलाइवर थंबी थलाइमायिल

इस वीक ओटीटी पर साउथ फिल्मों का बोलबाला है। तमिल फिल्म 'थलाइवर थंबी थलाइमायिल' इस वीक की लिस्ट में शामिल है। नितीश सहदेव द्वारा निर्देशित यह पॉलिटिकल सटायर फिल्म 11 जनवरी को सिनेमाघरो में रिलीज हुई थी। फिल्म में जीवा, थम्बी रमैया और इलावरसु जैसे सितारे हैं। यह 12 फरवरी से नेटफ्लिक्स पर रिलीज होगी।

### भानुप्रिया भूतर होटल

यह एक बंगाली हॉरर कॉमेडी फिल्म है। यह फिल्म उत्तरी बंगाल की पहाड़ियों में स्थित एक आलीशान होटल पर आधारित है। इसमें मिमी चक्रवर्ती, सोहम मजूमदार, बोनी सेनगुप्ता और स्वास्तिका दत्ता जैसे कलाकार हैं। इसका निर्देशन अरित्र मुखर्जी ने किया है। यह फिल्म 23 जनवरी को सिनेमाघरों में रिलीज हुई थी। इसे 13 फरवरी से जी5 पर देखा जा सकता है।

### द कॉन्ज्यूरिंगः लास्ट राइट्स

यह अमेरिकी सुपरनैचुरल हॉरर फिल्म बीते वर्ष सितंबर में सिनेमाघरों में रिलीज हुई थी। अब यह ओटीटी पर दस्तक देगी। इसका निर्देशन माइकल चेव्स ने किया है। इस फिल्म में वेरा फार्मिगा, पैट्रिक विल्सन, मिया टॉमलिंसन और बेन हार्डी जैसे सितारे हैं। ओटीटी पर यह फिल्म 13 फरवरी से जियो हॉटस्टार पर स्ट्रीम होगी।

## खबर संक्षेप

### दुकानों की नीलामी से युवाओं में उत्साह

**पुसौर।** नपं द्वारा बाजार परिसर, बोरोडिपा परिसर, मेन रोड पर दर्जनों दुकानों का निर्माण किया गया है। जिसे नगर पंचायत द्वारा नीलामी प्रक्रिया के जरिए नीलाम कर युवाओं के हाथ सौंप रही है इसलिए युवाओं में एक उत्साह देखने को मिल रहा है। ज्ञात हो कि रोड किनारे के दुकानों को किराए में लेने के लिए युवाओं को बहुत ही तकलीफों का सामना करना पड़ता है। अपने मन माफिक रोजगार अपना नहीं सकता वहीं कब मकान मालिक वहां से हटा देगा इसका भी ठीकाना नहीं रहता है। सरकारी दुकान मिल जाने से वह अपने इच्छा अनुसार दुकान में सामान लाकर अपनी दुकानदारी कर सकता है। इस तथ्य पर अध्यक्ष प्रतिनिधि मोहित सतपथी और सीएमओ ललित साहू ने कहा कि समय सीमा में दुकान नीलामी प्रक्रिया में लोग शामिल हो सकता हैं।

### पानी छिड़काव के साथ हो रही सड़कों की सफाई

**राउरकेला।** राउरकेला महानगर निगम द्वारा नियमित रखरखाव के तहत शहर की प्रमुख सड़कों और सार्वजनिक स्थलों पर पानी के छिड़काव के माध्यम से सफाई कार्य किया जा रहा हैए ताकि नागरिकों को स्वच्छ और धूल मुक्त वातावरण उपलब्ध कराया जा सके। हालांकि इस व्यवस्था की कार्यप्रणाली और पारदर्शिता को लेकर समय-समय पर सवाल खड़े होते रहे हैं। स्थानीय स्तर पर चर्चा है कि सफाई एवं रखरखाव से जुड़े कई कार्य निजी एजेंसियों को आउटसोर्सिंग के माध्यम से सौंपे गए हैं, जिससे खर्च और कार्य गुणवत्ता के बीच संतुलन को लेकर संदेह उत्पन्न हो रहा है। कुछ नागरिक संगठनों और सामाजिक कार्यकर्ताओं का कहना है कि कार्य निष्पादन, बिल भुगतान और जमीनी स्तर पर किए जा रहे वास्तविक कार्यों की निगरानी में पारदर्शिता का अभाव है, जिससे भ्रष्टाचार और फर्जीवाड़े की आशंका बनी रहती है।

### एआईएमएसएस ने प्रशासन को सौंपा ज्ञापन

**राउरकेला।** सुंदरगढ़ जिला बिसरा थाना क्षेत्र के छात्रा घटना से महिलाओं में बढ़ी असुरक्षा की भावना बढ़ी है। राउरकेला पुलिस जिला के बिसरा थाना क्षेत्र की नाबालिग छात्रा से जुड़े गंभीर मामले को लेकर ऑल इंडिया महिला सांस्कृतिक संगठन की सुंदरगढ़ जिला समिति ने चिंता जताई है। संगठन की ओर से अतिरिक्त जिला दंडाधिकारी, उदितनगर को ज्ञापन सौंपकर प्रकरण में तत्काल एवं निष्पक्ष कार्रवाई की मांग की गई। ज्ञापन में उल्लेख किया गया कि पीड़ित नाबालिग छात्रा की स्थिति अत्यंत गंभीर होने के बावजूद उसे विभिन्न अस्पतालों में ले जाना पड़ाए जहां समय पर समुचित चिकित्सा उपचार एवं एंबुलेंस सुविधा उपलब्ध नहीं हो सकी। संगठन ने इसे स्वास्थ्य व्यवस्था की गंभीर चूक बताते हुए गहरी नाराजगी जताई। हाल की घटनाओं से क्षेत्र में कानून व्यवस्था की स्थिति पर सवाल खड़े हो रहे हैं, जिससे आम नागरिकों में विशेषकर महिलाओं के बीच असुरक्षा की भावना गहराती जा रही है।

### रामनवमी से पूर्व महावीर अखाड़ा का बंधु मिलन

**राउरकेला।** राउरकेला के बिसरा रोड स्थित बिसरा चौक के प्रसिद्ध महावीर आखड़ा द्वारा श्रीरामनवमी उत्सव से पूर्व आयोजित बंधु मिलन समारोह इस वर्ष विशेष आकर्षण का केंद्र रहा। झीरपानी ब्रिज के समीप देव नदी सेतु के नीचे नदी तट पर आयोजित यह आयोजन आपसी भाईचारे, परंपरा और सांस्कृतिक उल्लास का जीवंत उदाहरण बना। देव नदी के शांत तट पर आयोजित इस बंधु मिलन में महावीर आखड़ा से जुड़े सदस्यों और गणमान्य नागरिकों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। प्राकृतिक सौंदर्य के बीच आयोजित इस समारोह में मनोरंजक गतिविधियाँ, आपसी संवाद और पारंपरिक मेल जोल ने आयोजन को यादगार बना दिया। बंधु मिलन का उद्देश्य केवल मनोरंजन नहीं, बल्कि श्रीरामनवमी उत्सव की तैयारियों को एकजुटता और सामूहिक सहयोग से आगे बढ़ाना भी रहा। कार्यक्रम के दौरान आगामी रामनवमी आयोजन को भव्य एवं अनुशासित रूप से संपन्न कराने पर विचार विमर्श किया गया।

### तहसीलदार के आश्वासन के बाद प्रदर्शन किया खत्म

# खाद और आवारा मवेशियों की समस्या को लेकर किसान संघ ने किया प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ⏭ सरिया

किसान संघ ने आवारा मवेशियों के द्वारा फसल बर्बादी और डीएपी व अन्य खाद की मांग को लेकर धरना प्रदर्शन किया। किसानों का कहना है कि आवारा मवेशियों से फसल नुकसान हो रहा है और उन्हें महंगे दामों पर खाद खरीदना पड़ रहा है। इसके लिए किसानों ने अपने प्रस्तावित आंदोलन के तहत गांधी चौक में धरना प्रदर्शन किया।

सारंगढ़ बिलाईगढ़ जिला अंतर्गत तहसील मुख्यालय सरिया में किसान संघ सरिया के द्वारा आवारा मवेशियों से परेशान एवं सेवा सहकारी समिति सरिया में रासायनिक खाद की अनुपलब्धता को लेकर किसानों ने प्रशासन के खिलाफ जमकर नारेबाजी प्रदर्शन कर धरना प्रदर्शन किया। सरिया के किसानों के द्वारा आवारा मवेशियों के समस्या को लेकर धरना प्रदर्शन किया जाता है। इस बार भी रवि फसल को बचाने के लिए किसानों ने धरना प्रदर्शन का सहारा लिया। किसान संघ का कहना है कि सरिया सेवा सहकारी समिति में रासायनिक खाद की अनुपलब्धता होने से पहले से ही प्रशासन को बार बार जानकारी देकर रासायनिक खाद की मांग की जा रही है।



प्रदर्शन करते किसान संघ।

लेकिन प्रशासन की कुंभकर्णी अभी तक खुली नहीं। इसके कारण किसानों को धरना प्रदर्शन का सहारा लेना पड़ा। किसान संघ सरिया के धरना प्रदर्शन के बाद प्रशासन। हरकत में आई और तहसीलदार सरिया कोमल साहू के द्वारा आश्वासन दिए जाने के बाद किसानों ने अपना आंदोलन खत्म किया। किसान अपने दो सूत्रीय मांग को लेकर धरना प्रदर्शन किया। किसानों की समस्या को गंभीरता से लेते हुए तहसीलदार कोमल साहू ने किसानों को आश्वासन दिया कि 15 फरवरी तक सरिया में रासायनिक खाद की आपूर्ति होगी तथा आवारा मवेशियों की रोकथाम के लिए नगर पंचायत प्रशासन पूर्ण निष्ठा एवं जिम्मेदारी के साथ कार्य करेंगे। तत्पश्चात किसानों ने अपना आंदोलन खत्म किया। इस बीच किसान संघ सरिया ने कहा कि यदि आश्वासन के बाद भी रासायनिक खाद की आपूर्ति समय पर नहीं होती है तो और आवारा मवेशियों की रोकथाम ना की गई तो हम लोग आने वाले दिनों में उग्र आंदोलन करने के लिए बाध्य होंगे।

#### किसान विरोधी है भाजपा सरकार

उग्रसेन साहू, अध्यक्ष ब्लॉक कांग्रेस सरिया ने कहा कि रासायनिक खाद एवं आवारा मवेशियों की समस्या को लेकर किसानों को धरना प्रदर्शन करना पड़ा इससे बड़ी दुख की बात और क्या हो सकती है। भाजपा सरकार किसान विरोधी सरकार है। किसानों के हित में हमेशा कार्य करना चाहिए ना कि किसानों को परेशान किया जाना चाहिए।

#### शीघ्र होगा किसानों की समस्याओं का समाधान

कोमल साहू, तहसीलदार सरिया ने कहा कि रासायनिक खाद एवं आवारा मवेशी से परेशान किसानों ने प्रदर्शन किया था। समझाइए के बाद आंदोलन खत्म किया। किसानों के दो सूत्रीय समस्या का समाधान शीघ्र किया जाएगा।



## दोपहिया वाहनों के साथ अब हेलमेट वितरण जरूरी

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

रायगढ़। कलेक्टर मयंक चतुर्वेदी के निर्देश में जिला परिवहन कार्यालय में समस्त वाहन डीलरों एवं उनके प्रतिनिधियों की महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में सड़क सुरक्षा, वाहन पंजीयन प्रक्रिया में पारदर्शिताए कर एवं शुल्क की जानकारी, इलेक्ट्रिक व्हीकल व्यवस्था तथा शासन की योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन को लेकर विस्तृत चर्चा की गई और डीलरों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए।

जिला परिवहन अधिकारी द्वारा मोटरयान अधिनियम 1988 की धारा 129 एवं मोटरयान नियम 1989 की धारा 138 के तहत सड़क सुरक्षा को बढ़ावा देने एवं दुर्घटनाओं की रोकथाम हेतु दोपहिया वाहन विक्रेताओं को वाहन के साथ हेलमेट अनिवार्य रूप से वितरित करने के निर्देश दिए गए। सभी डीलरों को यह भी निर्देशित किया गया कि वाहन को हेलमेट सहित सुपुर्द करते समय फोटो के माध्यम से जिला परिवहन कार्यालय को समय.समय पर जानकारी उपलब्ध कराएं।

बैठक में सभी डीलरों को छत्तीसगढ़ मोटरयान कर एवं पंजीयन शुल्क की जानकारी अपने प्रतिष्ठान में स्पष्ट रूप से डिस्प्ले करना अनिवार्य किया गया। इलेक्ट्रिक व्हीकल डीलरों को पृथक चार्जिंग स्टेशन की व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। डीलर पॉइंट रजिस्ट्रेशन से संबंधित लंबित आवेदनों की समीक्षा कर आगामी सप्ताह में निराकरण कर जिला परिवहन कार्यालय में आवेदन जमा करने को कहा गया।

## गौ सेवा संगम के तहत व्याख्यान और जिला स्तरीय गौ विज्ञान परीक्षा

**घरघोड़ा।** गौ संरक्षण एवं संवर्धन समिति अंतर्गत गौ सेवा संगम कार्यक्रम के तहत गौ माता विज्ञान पर व्याख्यान, कार्यशाला का आयोजन किया गया। उक्त कार्यशाला एवं गौ विज्ञान परीक्षा का आयोजन स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट हिंदी माध्यम कन्या शाला घरघोड़ा में सम्पन्न हुआ।



गौ माता पर आधारित व्याख्यान कार्यशाला का आयोजन में बीजेपी जिलाध्यक्ष अरुणधर दीवान के मुख्य अतिथि एवं अन्ना सपारे मुख्य प्रवक्ता प्रांतीय संयोजक गौ संरक्षण एवं संवर्धन समिति की उपस्थिति में हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ गौ माता की आरती से हुआ। जिसमें छात्राओं एवं पालकों प्रतिनिधियों ने उत्साह पूर्वक भाग लिया। इस अवसर पर मुख्य वक्ता अन्ना सपारे ने गौ माता को भारतीय संस्कृति की पहचान बताते हुए विज्ञान के रूप मे निरुपित कर छात्र छात्राओं पालकों को गौ संरक्षण व संवर्धन की दिशा में सामूहिक प्रयास करने की बात कही खेतौं एवं वाटिकाओं मे जैविक खाद को प्राथमिकता प्रदान करते हुए वितरण किए गए गौ विज्ञान संबंधित ग्रंथ को पढ़ने अमल करने उपस्थिति नागरिकों से अनुरोध किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि अरुणधर दीवान ने छात्राओं पालकों शिक्षकों से इस दिशा मे उत्साहपूर्वक कार्य करते हुए गौ माता को संस्कृति के साथ उनसे प्राप्त अवयव को विज्ञान से जोड़कर लाभान्वित होने की बात कही एवं गौ धाम की जानकारी दी द्यजिला संयोजक मनबोध बेहरा ने गौ विज्ञान परीक्षा एवं इस दिशा मे किए जा रहे कार्यक्रमों की विस्तृत जानकारी प्रदान की। गौ सेवा संगम को विकासखंड शिक्षा अधिकारी संतोष कुमार सिंह प्राचार्य हरीश चंद्र बेहरा ने भी सम्बोधित कर कार्यक्रम की जानकारी दी। ज्ञात हो की श्री सिंह के द्वारा परीक्षा को प्राथमिकता के रूप में रखते हुए विकास खंड में पंजीयन हेतु सतत अभियान चलाया गया था। जिला संरक्षक राजीव दुबे एवं ललित यादव किसान मोर्चा जिलाध्यक्ष स्रोत समन्वयक मनोज प्रधान, ब्लाक संयोजक गौ विज्ञान बसंत कुमार यादव बंशीधर बेहरा ब्लाक अध्यक्ष गौ सेवा, चंद्र शेखर गिरी मनबोध पटेल के साथ माध्यमिक खंड से छात्रा कु. आँचल भोय ने इस परीक्षा को लेकर विचार रखे।

### करंट लगने से युवक की मौत

**राजगांगपुर।** सुंदरगढ़ जिले के राजगांगपुर ब्लॉक अंतर्गत लांजीबेर्ना थाना क्षेत्र के खेरामुता गांव में एक बेहद दर्दनाक हादसा सामने आया है। शादी से ठीक एक दिन पहले एक युवक की असामयिक मौत से पूरे गांव में मातम पसरा हुआ है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, खेरामुता गांव निवासी विनोद माझी आज सुबह अपने घर में होने वाली शादी की तैयारी के सिलसिले में एक जामुन के पेड़ पर चढ़कर डाल काट रहे थे। इसी दौरान काटी गई डाल नीचे गिरने के बजाय पास से गुजर रही 11 केवी विद्युत लाइन पर जा गिरी। इससे पेड़ में करंट फैल गया और विनोद माझी उसकी चपेट में आ गए। मौके पर ही उनकी दर्दनाक मौत हो गई। हादसे के बाद युवक का शव पेड़ में ही फंसा रह गया। सूचना मिलते ही पुलिस और ओड्राफ टीम घटनास्थल पर पहुंची। बिजली आपूर्ति बंद कर शव को नीचे उतारा गया और प्राथमिक जांच के बाद पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है।

## निजी स्कूल की फेयरवेल पार्टी में स्टंटबाजी, पुलिस ने ठोंका जुर्माना

हरिभूमि न्यूज ⏭ नवागढ़

कार एवं स्कार्पियो के बोनट पर बैठकर स्टंटबाजी करना युवकों को महंगा पड़ गया। इसे लेकर पुलिस ने मोटरयान अधिनियम के तहत कार्रवाई करते हुए संबंधित चालकों से जुर्माना वसूल किया है। मामला नवागढ़ थाना क्षेत्र के खैरताल स्थित जीएलडी स्कूल का है।

इस संबंध में नवागढ पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार खैरताल स्थित जीएलडी स्कूल में फेयरवेल पार्टी के दौरान वाहनों पर स्टंटबाजी करने के मामले में पुलिस द्वारा की गई सख्त कार्यवाही की गई है। पुलिस ने वाहन चालकों के विरूद्ध मोटरयान अधिनियम के तहत कार्यवाही करते हुए 28 सौ 28 सौ का समन शुल्क किया गया। पुलिस ने बताया कि 4 फरवरी को खैरताल स्थित जीएलडी स्कूल में फेयरवेल





कार्रवाई करते पुलिस अफसर।

कार्यक्रम के दौरान कार एवं स्कॉर्पियो वाहन की बोनट व छत पर युवकों द्वारा बैठकर स्टंट करने का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ था। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक विजय कुमार पाण्डेय के निर्देशन में एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक उमेश कुमार कश्यप के मार्गदर्शन में सोमवार 9 फरवरी को थाना नवागढ़ पुलिस द्वारा त्वरित कार्रवाई करते हुए संबंधित वाहन चालकों को पकड़ा एवं समझाइश दी गई तथा मोटरयान अधिनियम के तहत वैधानिक कार्यवाही करते हुए 28-28 सौ रुपए का समन शुल्क लिया गया। साथ ही साथ संबंधित वाहन चालक को यातायात नियमों के तहत वाहन चलाने की समझाईश दी गई। उक्त कार्यवाही में निरीक्षक कमलेश सेंडे, थाना प्रभारी नवागढ़ एवं थाना स्टाफ का विशेष योगदान रहा।

### अवैध महुआ शराब बिक्री करते दो कोचिया गिरफ्तार

**बिलाईगढ़।** भटगांव पुलिस ने ग्राम हरदी देवरहा खार में छापामार कार्रवाई कर अवैध महुआ शराब की बिक्री करते दो शराब कोचियों को गिरफ्तार किया है। 09 फरवरी को सूचना मिली कि ग्राम हरदी के दो व्यक्ति देवरहा खार के खेत में अवैध रूप से महुआ शराब रखकर बिक्री कर रहे हैं। सूचना के आधार पर पुलिस टीम ने मौके पर दबिश दी और दोनों आरोपियों को मौके से पकड़ लिया। गिरफ्तार आरोपियों में संतोष खूंटे पिता रामायण दास खूंटे, प्रकाश खूंटे पिता विजय खूंटे 26, निवासी ग्राम हरदी, थाना भटगांव शामिल हैं। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से 85 लीटर महुआ शराब कीमत लगभग 17 हजार एवं 2 मोबाइल कीमत लगभग 15 हजार जब्त किया है। आरोपियों के विरुद्ध धारा 34(2) आबकारी अधिनियम के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विधिवत गिरफ्तार किया गया तथा न्यायालय में प्रस्तुत कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया।



## जिला चिकित्सालय सारंगढ़ में सभी डॉक्टरों की पदस्थापना, मिल रही सुविधाएं

**सारंगढ़।** रजत जयंती वर्ष में जिले के लिए स्वास्थ्य सेवाओं में बड़ी उपलब्धि के रूप में अब जिला चिकित्सालय सारंगढ़ में सभी प्रकार के डॉक्टर और विशेषज्ञ की सुविधा उपलब्ध हो गई है। कलेक्टर डॉ संजय कन्नौजे के मार्गदर्शन एवं स्वास्थ्य विभाग की पहल पर अस्पताल में विशेषज्ञ डॉक्टरों की पदस्थापना हुई है।

इस सुविधा से सारंगढ़ में सभी प्रकार का इलाज संभव होगा, जिससे हजारों परिवारों को बड़ी राहत मिलेगी। अब सारंगढ़ जिला चिकित्सालय में यह सुविधा मिलने से ग्रामीण अंचलों के परिवारों को भी त्वरित और गुणवत्तापूर्ण उपचार मिलेगा। जिला चिकित्सालय में प्रतिदिन प्रातः 9 बजे से दोपहर 1 बजे त ओपीडी और परामर्श दिया जाएगा। वहीं गंभीर बीमार मरीजों के लिए शाम 4 बजे से रात 6 बजे तक विशेष परामर्श की व्यवस्था भी की गई है। अस्पताल में सभी वार्ड तैयार हैं, जहां गंभीर बीमारियों के मरीजों का इलाज मेडिसिन विशेषज्ञ की निगरानी में होगा। गंभीर स्थिति में मेडिकल बोर्ड गठित कर त्वरित कार्रवाई की जाएगी। दूसरी ओर कलेक्टर डॉ संजय कन्नौजे ने कहा कि जिले की जनता को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं देना प्रशासन की प्राथमिकता है। एक वर्ष में जिला चिकित्सालय में लगभग सभी डॉक्टर और विशेषज्ञ की नियुक्ति हुई है। इस सुविधा से न केवल नगर बल्कि पूरे जिले के ग्रामीण अंचलों से आने वाले मरीजों को भी काफी राहत मिलेगी।

### भेड़वन अस्पताल को मिला काया कल्प आयुष अवार्ड

**सारंगढ़।** आयुष्मान आरोग्य मन्दिर भेड़वन आयुष को मिला लगातार दूसरी बार उत्कृष्ट कार्य के लिए काया कल्प आयुष अवार्ड राष्ट्रीय आयुष मिशन अंतर्गत छत्तीसगढ़ राज्य में संचालित कायाकल्प आयुष कार्यक्रम जो 04 फरवरी को आयोजित किया गया था, उसमें जिला सारंगढ़ बिलाईगढ़ के एक मात्र एनएबीएच सर्टिफाइड संस्था आयुष्मान आरोग्य मन्दिर भेड़वन आयुष को स्वच्छता, संक्रमण नियंत्रण, भवन एवम परिसर रख रखाव व सौंदर्यीकरण तथा सेवा गुणवता आधारित मानकों के आधार पर एवं जन स्वास्थ्य संरक्षण की दिशा में किए गए उत्कृष्ट कार्यों के लिए कायाकल्प आयुष का अवार्ड प्राप्त हुआ। यह अवार्ड स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल, स्वास्थ्य सचिव अमित कटारिया, आयुष संचालक सुश्री संतन देवी जांगड़े और संयुक्त संचालक द्वारा दिया गया।



## गौ विज्ञान परीक्षा में शामिल हुए छात्र



**पुसौर।** सामाजिक संगठन और शासन भी लोगों को प्रकृति से जोड़ने इन दिनों तरह तरह के कार्यक्रम आयोजित कर रहे हैं वहीं बच्चों को जोडने गौ विज्ञान के रूप में परीक्षा आयोजित कर रहे हैं। जिला स्तरीय गौ विज्ञान द्वितीय चरण परीक्षा विकास खण्ड पुसौर के परीक्षार्थियों का अभिनव विद्या मंदिर पुसौर में हुआ। जिसमें 73 परीक्षार्थियों में से 65 परीक्षार्थी उपस्थित थे। नगर पंचायत पुसौर के अध्यक्ष श्रीमती मानी मोहित सतपथी के द्वारा इस गौ विज्ञान परीक्षा कार्यक्रम में आए समस्त परीक्षार्थियों के साथ पालक एवं शिक्षकों के लिए भोजन की व्यवस्था की गई। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि श्रीमती मानी मोहित सतपथी, कार्यक्रम के अध्यक्ष नगर पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि मोहित सतपथी, कार्यक्रम के मुख्य वक्ता चक्रधर पटेल, शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय पुसौर के शाला प्रबंधन समिति के अध्यक्ष भरत षड़ंगी, नगर पंचायत पुसौर के उपाध्यक्ष उमेश साव, मंडी अध्यक्ष घनश्याम पटेल, गौ विज्ञान परीक्षा विकास खण्ड पुसौर के संयोजक तिलोचन गुप्ता, शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय पुसौर के व्याख्याता भोलाराम यादव, शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय महलोई के वरिष्ठ व्याख्याता खेमानिधी गुप्ता, अभिनव विद्या मंदिर पुसौर के प्राचार्य अक्षय कुमार सतपथी एवं शिक्षक शिक्षिकाएं तथा विकास खण्ड पुसौर से आए हुए परीक्षार्थी उपस्थित थे।

### यातायात नियमों का उल्लंघन 93 के खिलाफ कार्रवाई

**जांजगीर-चांपा।** यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले 93 वाहन चालकों पर कार्रवाई करते हुए जुर्माना वसूल किया गया है। साथ ही चालकों को नियम का पालन करने हिदायत दी गई है। ज्ञात हो कि पुलिस द्वारा जिले में हो रही है वाहन दुर्घटनाओं के घटना समय का अध्ययन किया गया। जिसके आधार पर विभिन्न थाना क्षेत्र में दिन में दुर्घटना से मृत्यु हो होना पाया गया। शराब पीकर वाहन चलाने वालों पर दोपहर में वाहन चेकिंग का अभियान चलाया गया। इस दौरान 6 शराबी वाहन चालकों को पकड़ा गया। इसके अतिरिक्त तेज गति, ट्रिपल सवारी, बिना हेलमेट एवं यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले 93 वाहन चालकों के विरूद्ध एमव्ही एक्ट के तहत कार्रवाई की गई। सड़क दुर्घटनाओं की रोकथाम हुए पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक की मार्गदर्शन में कार्यवाही की गई। िभिन्न स्थानों पर पॉइंट लगाकर सघन वाहन चेकिंग की गई। पुलिस द्वारा 9 फरवरी को दोपहर 12 बजे से लेकर शाम 7 बजे तक शराब पीकर वाहन चलाने वालों के विरुद्ध पुलिस द्वारा विशेष अभियान चलाकर सख़्त कार्रवाई की गई।

## संगीतमय शिव महापुराण कथा से गूंजेगा नगर

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलाईगढ़

समलाई माता मंदिर परिसर स्थित नव निर्मित शिवालय में महादेव की प्राण प्रतिष्ठा के पुण्यतम अवसर पर संगीतमय शिव महापुराण कथा ज्ञान यज्ञ का आयोजन किया जा रहा है। यह आयोजन 11 से 16 फरवरी तक विधि विधान, वैदिक मंत्रोच्चार एवं भक्ति रस से ओत प्रोत वातावरण में संपन्न होगा।

यह दिव्य अनुष्ठान फाल्गुन कृष्ण पक्ष में संपन्न हो रहा है, जिसका शुभारंभ 11 फरवरी, बुधवार को कलश यात्रा, देवी पूजन एवं महात्म्य कथा के साथ होगा। इसके पश्चात क्रमशः 12 फरवरी को आदि शिवलिंग पूजन विधिए 13 फरवरी को शिव पार्वती पावन विवाह, 14 फरवरी को द्वादश ज्योतिर्लिंग महात्म्य कथा, 15 फरवरी को महाशिवरात्रि विधि, रुद्राभिषेक एवं कथा विश्राम तथा 16 फरवरी, सोमवार को शिवजी प्राण प्रतिष्ठा, महाहवन, पूर्णाहुति, ब्राह्मण भोज एवं विशाल भंडारे का आयोजन किया जाएगा। कथा के दिव्य प्रवक्ता आचार्य मनीष दुबे तेलगुड़ी वाले, बिलासपुर अपनी सिद्ध वाणी, वेदसम्मत व्याख्या एवं भावगर्भित कथा प्रवाह से श्रोताओं को शिवज्ञान, वैराग्य एवं मोक्षमार्ग की अनुभूति कराएंगे। यह समस्त आयोजन स्व. पन्नालाल सोनी की पुण्य स्मृति में तथा माताश्री अनुज देवी सोनी के पावन संकल्प से संपन्न हो रहा है। कथा प्रतिदिन दोपहर 3 बजे से रात्रि शिवकथा पर्यंत चलेगी।

